**प्रेस विज्ञप्ति**

**बिहार पुलिस मुख्यालय**

**दिनांक–28.08.2023 (सं0–385)**

# ERSS(Emergency Response Support System)

राज्य में दिनांक–06 जुलाई 2022 को ERSS(Dial 112) सेवा का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया था। प्रथम चरण के अन्तर्गत किये गये प्रबंधन तथा आधारभूत व्यवस्थाओं के पश्चात द्वितीय चरण को मूर्त स्वरूप दिया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

ERSS(Dial 112) सेवा के द्वारा आम जनों की आपात परिस्थितियों में, आपदा में अथवा आकस्मिक संकट की स्थिति में अविलम्ब पहुँचकर सहायता पहुँचायी जा रही है। Dial 112 सेवा के बड़े सार्थक तथा सकारात्मक परिणाम दृष्टिगोचर हुए हैं।

**वर्तमान स्थिति**

- दिनांक–06 जुलाई 2022 को ERSS(Dial 112) सेवा के प्रारम्भ होने के उपरान्त **अभी तक लगभग 06 लाख 38 हजार लोगों को सहायता पहुँचाई जा चुकी** है।
- ERSS (Dial 112) में प्रतिमाह तथा प्रतिदिन पंजीकृत होने वाली कॉल्स पर की गई कार्रवाई का औसत रेस्पॉन्स टाइम निम्नलिखित है :–

| माह | औसत एक माह में पंजीकृत कॉल्स पर की गई कार्रवाई (Monthly Events) | एक माह में औसत रेस्पॉन्स टाइम |
|---|---|---|
| सितम्बर 2022 | 5994 | 01 घण्टा :08 मि0 : 06 से0 |
| अक्टूबर 2022 से मार्च 2023 | 37,733 | प्रतिमाह औसत रेस्पॉन्स लगभग 50 मिनट |
| मई 2023 | 95753 | 34 मि0 : 31 से0 |
| जुलाई 2023 | 110324 | 21 मि0 : 49 से0 |

- अब माह जुलाई 2023 में पंजीकृत कॉल्स पर की गयी कार्रवाई की संख्या 110324 तथा प्रति दिन पंजीकृत कॉल्स पर की गयी कार्रवाई की संख्या 3559। सुखद स्थिति यह है कि कॉल्स के पंजीकरण की संख्या में वृद्धि हुयी है और औसत रेस्पॉन्स टाइम में और कमी अंकित की गयी है जो घट कर 21 मिनट 49 सेकेन्ड हो गयी है।
- आम जनता से अपील भी है कि किसी आपात, प्रतिकूल या संकट की स्थिति में डायल 112 पर सूचना देकर अविलम्ब सहायता प्राप्त की जा सकती है।

xxxxx